प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला में एकीकृत मातृ व शिशु अस्पताल स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पीठासीन अधिकारियों की समिति के सदस्यों को नियमित प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अनुभवों के अध्ययन पर दिया बल।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने देहरादून मिलिट्री कॉलेज के कैडेटस को हर क्षेत्र में चुनौतियों को विकास के तौर पर देखने की दी सलाह।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कन्या विद्यालय नादौन को बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विलय को तुरंत रद्द करने का सरकार से किया आग्रह।
- राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश इलाकों में वर्षा से तापमान में गिरावट– 6 मई से मौसम में सुधार के आसार।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला में एकीकृत मातृ व शिशु अस्पताल स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सचिव आशीष सिंहमार के नेतृत्व में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। यह समिति इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में इस इकाई की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करेगी, ताकि इसका प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मेडिकल कॉलेजों में नैदानिक सेवाओं के दृष्टिगत मरीज़ों के लिए प्रतीक्षा अवधि को शून्य करने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग को सुझाव देने को कहा।

विधानसभा अध्यक्ष

हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक आज जयपुर में आयोजित की गई। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस बैठक में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समिति प्रणाली लोकतंत्र में मिनी सदन की भूमिका निभाती हैं जहां विस्तृत विचार–विमर्श और सूक्ष्म परिक्षण संभव होता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ये प्रणाली किसी भी लोकतांत्रिक विधायिका का अभिन्न अंग है और ये

संसद और विधानमंडलों के कार्यों को अधिक प्रभावी व उत्तरदायी बनाती है। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान कई सुझाव भी दिए और कहा कि समितियों की सिफारिशों को अधिक प्रभावी व बाध्यकारी स्वरूप दिया जाना चाहिए। उन्होंने समिति के सदस्यों को नियमित प्रशिक्षण कार्यशालाएं और अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अनुभवों का अध्ययन करवाने पर बल दिया जिससे समिति की कार्य क्षमता बढ़ेगी।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से आज लोकभवन में राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज, देहरादून के कैडेट्स ने भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने सशस्त्र बलों के लिए युवाओं को तैयार करने में आरआईएमसी की उत्कृष्ट भूमिका की सराहना की। उन्होंने राष्ट्र के लिए अनुशासित, एकाग्र और देशभक्त अधिकारियों के निर्माण में संस्थान के योगदान की सराहना की। उन्होंने कैडेट्स को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और चुनौतियों को विकास के अवसर के रूप में देखने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने कैडेट्स को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने आधुनिक दुनिया की बदलती आवश्यकताओं का उल्लेख करते हुए कैडेट्स को जिज्ञासु, बौद्धिक रूप से सजग और निरंतर सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

अल्का लांबा

राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा ने नारी शक्ति वंदन विधेयक को संसद की 5 सौ 43 सीटों के आधार पर लागू करने की केन्द्र से मांग की है। आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए कांग्रेस प्रधानमंत्री को 10 लाख पोस्ट कार्ड भेजेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आज महिला कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान भी शुरू कर दिया है।

——बाईट——अल्का लांबा——

अल्का लांबा ने कहा कि महिला कांग्रेस हिमाचल में 68 विधानसभा सीटों पर टैलेंटहंट कर महिलाओं को चुनाव के लिए तैयार करेगी। चुनावी गारंटी के सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों की महिलाओं को 15 सौ रूपये दे दिया है और अन्य महिलाओं को भी ये राशि जल्द दी जाएगी।

वंदना योगी

प्रदेश भाजपा सचिव वंदना योगी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण, परिसीमन और जनगणना जैसे गंभीर विषयों पर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संविधान संशोधन और परिसीमन के बाद दक्षिण भारत की राजनीतिक शक्ति कम नहीं होगी बल्कि बढ़ेगी। वंदना योगी ने कहा कि कांग्रेस के पास न नीति है न नियत और न ही ठोस मुद्दे हैं, इसलिए वो जनता को भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो संगठनात्मक स्तर पर भी महिलाओं को 33 प्रतिशत से अधिक

भागीदारी देता है। जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर वंदना योगी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने स्पष्ट निर्णय लिया है कि आगामी जनगणना में जाति जनगणना भी शामिल होगी।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने नादौन के सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के साथ विलय करने के प्रदेश सरकार के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। नादौन क्षेत्र के आम लोगों और अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस विषय में आज डॉक्टर सिकंदर से भेंट कर इस फैसले पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। सिकंदर कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस विलय को तुरंत रद्द करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस कन्या विद्यालय में लगभग 5 सौ छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं और सरकार का यह कदम क्षेत्र की बेटियों की शिक्षा और उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंनें स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जनहित में इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो भारतीय जनता पार्टी इसके विरुद्ध बड़ा आंदोलन करेगी।

नारद जयंती

विश्व संवाद केन्द्र द्वारा आज शिमला में देवर्षि नारद जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष तौर पर पत्रकारों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय शिमला के सहायक निदेशक संजीव शर्मा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष राजेश बंसल ने बताया कि कार्यक्रम में पत्रकारों के समक्ष आने वाली चुनौतियों और इसका समाधान पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान चर्चा में सामने आया कि कुछ फ़िल्मों में नारद जी की ग़लत छवि प्रस्तुत करने की कोशिश की गई, जिसे आज बदलने की आवश्यकता है।
——बाईट——राजेश बंसल——

इस अवसर पर विभिन्न समाचार पत्रों के सम्पादक, संवाददाता, ब्यूरो प्रमुख व मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स मौजूद रहे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दोपहर बाद से वर्षा हुई। पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और मई महीने में भी लोगों को सर्दी का एहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार के मुताबिक आज कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में गरज–चमक और बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है, जबकि 6 मई से प्रदेश में मौसम साफ होने लगेगा।

——बाइट——संदीप कुमार शर्मा——

भाजपा–सूची

भारतीय जनता पार्टी ने पंचायतीराज संस्थाओं और स्थानीय शहरी निकाय चुनाव के तहत ज़िला परिषद चुनावों के लिए समर्थित उम्मीदवारों की विस्तृत व संयुक्त सूची जारी कर दी है। प्रदेश चुनाव संयोजक विपिन सिंह परमार ने मंडल, ज़िला व प्रदेश स्तर पर व्यापक विचार–विमर्श और संगठनात्मक मंथन के बाद इस सूची को अंतिम रूप दिया है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए महिलाओं, युवाओं और अनुभवी कार्यकर्ताओं को उचित अवसर प्रदान किया गया है।

वॉच एंड पेट्रोल'

प्रदेश पुलिस ने अपनी नागरिक–हितैषी 'वॉच एंड पेट्रोल' पहल को शिमला के मॉल रोड से आगे बढ़ाते हुए मनाली, सोलन और मैक्लोडगंज सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सफलतापूर्वक विस्तारित किया है। पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि आरम्भ में मॉल रोड पर पुलिस विजिविलिटी बढ़ाने, जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यटकों की सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल अब सेवा, सुलभता और जन विश्वास पर आधारित आधुनिक पुलिस का एक प्रभावी मॉडल बनकर उभरी है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला में एकीकृत मातृ व शिशु अस्पताल स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पीठासीन अधिकारियों की समिति के सदस्यों को नियमित प्रशिक्षण और अंतर्राष्ट्रीय संसदीय अनुभवों के अध्ययन पर दिया बल।
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने देहरादून मिलिट्री कॉलेज के कैडेटस को हर क्षेत्र में चुनौतियों को विकास के तौर पर देखने की दी सलाह।
- राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कन्या विद्यालय नादौन को बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विलय को तुरंत रद्द करने का सरकार से किया आग्रह।
- राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश इलाकों में वर्षा से तापमान में गिरावट– 6 मई से मौसम में सुधार के आसार।